## समाचार

# 23 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 22 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट बुधवार 23 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 मार्च बुधवार को वार्ड क्र. 03 राताखार दुर्गा पण्डाल, वार्ड क्र. 17 मानस नगर आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 30 मानिकपुर नीचे मोहल्ला, वार्ड क्र. 37 डुग्गूपारा स्टेज मंच, वार्ड क्र. 45 डांडपारा सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 52 नगोईखार, वार्ड क्र. 62 चुनचुनी बस्ती, वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर पानी टंकी सामुदायिक भवन के पास कैम्प लगाए जाएंगे।